## एक नजर में

### धार जिले में शराब के नए ठेकेदारों का प्रवेश



**धार** । धार जिले में शराब के नए ठेकेदारो का प्रवेश शराब प्रेमियों के लिए बुरा साबित हो रहा है धार जिले के शराब प्रेमियों में निराश एवं आक्रोश देखा जा रहा है कारण है शराब के महंगे भाव नए ठेकेदारों ने धार जिले के ठेके हथियाने के लिए महंगे भाव में ठेके लिए हैं और अब उसकी वसूली शराब प्रेमियों से की जा रही है शराब के भाव बढ़कर व मनमानी तरीके से शराब की कीमत शराब प्रेमियों से वसूली जा रही है जिससे शराब प्रेमियों में आक्रोश देखा जा रहा है दुखी शराब प्रेमी ग्राहक शासन से मांग कर रहे हैं कि शराब के मूल्य पर नियंत्रण किया जाए वही बताया जा रहा है की नए शराब ठेकेदारों की कंपनी में कई रसूखदार एवं बड़े नेता के घराने के लोग शामिल हैं अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या अधिकारी शराब के मूल्य पर नियंत्रण कर पाएंगे या फिर यूं ही शराब प्रेमियों की जेब खली की जाएगी ?

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन



**बाकानेर** –सी.ए.म राईज विद्यालय बाकानेर में प्रवेश उत्सव के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विद्यालय में जनपद उमरबन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप डावर उनके साथ ए डी ओ श्री परमार जी, ब्लॉक समन्वयक मुजाल्दा ,भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डाक्टर श्रीमती अनीता सोनी ने विद्यालय में सत्र 2025926 में होने वाली पढ़ाई और गतिविधियों से परिचित करवाते हुए रूपरेखा रखी इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक श्रीमुजाल्दा जी ने अपने संघर्ष मय जीवन और वर्तमान में इस पद पर पहुंचने की अपनी संघर्ष में कहानी से छात्रों को परिचित करवाया श्री डाबर जी ने भी बताया कि मैं प्रारंभ में औसत दर्जे का छात्र था लेकिन धीरे–धीरे मैंने उन्नति करते हुए वर्तमान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पहुंचा इस अवसर पर मुख्य कार्यकाल अधिकारी महोदय ने बच्चों से उनके भविष्य के करियर के बारे में प्रश्न किया जिसमें गुनगुन शिवम सुजल अंशु ने अपने भविष्य के लक्ष्य एवं उद्देश्य के बारे में बताया इस अवसर पर कक्षा 12वीं की उच्च अंक प्राप्त छात्रा आरती को स्कूटी प्रदान की गई संचालन असीम ठाकुर ने किया और आभार श्री बद्रीलाल पाटीदार ने माना इस अवसर पर स्टाफ के समस्त सदस्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति रहे

### माता की विदाई के साथ गणगौर उत्सव समापन



**बाकानेर–निमाड़** का पारंपरिक प्रसिद्ध त्योहार गणगौर उत्सव का समापन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ । बुधवार के दिन माता जी के रथ रोकने का सौभाग्य खुशहाल अग्रवाल परिवार को मिला तथा गुरुवार को माता जी के रथ रोकने का सौभाग्य मांझी कहार समाज को मिला । शुक्रवार को सभी समाज की महिलाओं ने शंकर मंदिर चौराहा पर एकत्र होकर पूरे विधि–विधान से गणगौर (ईशरजी एवं गौराजी) की पूजा ब? हर्षोउल्लास से की। गणगौर माता का अर्थ गणअर्थात भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। विवाहित एवम अविवाहित सभी वर्ग, उम्र की महिलाओं ने गणगौर की पूजा–अर्चना की। शुक्रवार को शंकर मंदिर चौराहे से भव्य चल समारोह निकाला जो मान नदी गणगोर घाट पर पहुंचा जहां पर माता रूपी ज्वारो को गले मिलकर विसर्जन किया पूजा आरती कर श्रद्धालुओं ने नारियल अर्पित किए नम आंखों से सब ने माता को विदा किया। मांझी कहार युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया तथा उपस्थित जन समुदाय को ठंडाई पिलाई। ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य मार्ग से गणगौर घाट तक विद्युत रोशनी की समुचित व्यवस्था की।

### राजगढ़ प्रेस क्लब में प्रजापति अध्यक्ष मनोनित



**राजगड** । प्रेस क्लब राजगढ की बैठक गुरूवार रात्रि राजग? में मोहनखे?ा पे?ी पर संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ पत्रकारों ने आज के युग में पत्रकारिता की चुनोतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। वही सर्व सहमति से राजगढ प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर रमेश प्रजापति को मनोनीत किया गया। बैठक में प्रेस क्लब संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अशोक भंडारी ने कहा कि आज पत्रकारिता का सफर चुनौती भरा हो गया है, सभी पत्रकार अपने खबरों में शब्दों के चयन का विशेष ध्यान रखें। वही उन्होंने बताया कि आगामी 20 अप्रैल को प्रेस क्लब के नवीन अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। इस दौरान प्रेस क्लब संरक्षक गोपाल सोनी, सुनील बाफना, धर्मेंद्र भंडारी, दीपक जैन, नीलेश सोनी, विपिन पांडेय, शैलेन्द्र पँवार, अक्षय भंडारी, विनोद सीरवी, अभिषेक राठौड, विशेष राजपूत, दीपक प्रजापत, सुन्दरसिंह हा?ा, दीपक पावेचा सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### गणगौर माता के रथ व ज्वारों की पूजन कर विदाई

**टांडा( धार )**– नगर में पिछले 5 दिनों से गणगौर पर्व की धूम मची हुई है। मंगलवार से प्रारंभ हुए गणगौर पर्व का समापन शनिवार को माता के ज्वारों का विसर्जन कर माता को विदाई देकर हुआ। गणगौर पर्व को लेकर नगर भर में खासा उत्साह नजर आया। क्षत्रिय सिर्वी समाज के द्वारा गणगौर माता के विसर्जन चल समारोह निकाला गया। समाजजन ढोल की थाप पर धर्म ध्वजा लेकर जमकर थिरके। शनिवार शाम 4ः30 बजे गणगौर माता के विसर्जन से पहले माता का जुलूस सिर्वी मोहल्ले आई माता मंदिर से धूमधाम से नगर में निकाला गया। जिसमे रास्ते भर श्रद्धालु बारी बारी से सर पर रथ लेकर चले। युवाओ के द्वारा गणगौर माता के रथो को जमकर नचाया गया। इस दौरान बच्चों,बड़ो एवं महिलाओं ने भी रथ को सर पर लेकर नृत्य किया।





# जिले के 821 बूथों पर आज झंडा फहराकर मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

## 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रत्येक बूथ पर मनाएंगे जयंती

**आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने की पत्रकार वार्ता**

**धार। भारतीय जनता पार्टी धार जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय धार पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा की। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी उपस्थित थे।**

पत्रकार वार्ता के माध्यम से आगामी संगठनात्मक जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा की 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम जिले के सभी 18 मंडलों में 821 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भारती ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है 3 और 4 अप्रैल को जिले सभी 18 ही मंडलों में उपरोक्त विषय को लेकर मंडल बैठकें आयोजित की जा चुकी है। जिनके सभी मंडलों के प्रभारी नियुक्त किए गए है। 6 अप्रैल को प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने निवास पर पार्टी का ध्वज लगाकर पूरे हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाएगा। साथ ही जिला एंव मंडल कार्यालय की सजावट कर रंगोली बनाई जाएगी और मिठाई वितरण की जायेगी। कार्यकर्ताओं के निवास पर भाजपा का ध्वज लगाकर उसकी सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत के साथ पोस्ट किया जायेगा। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के प्रमुख बिन्दुओं के बारे में चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महंत भारती ने बताया की भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस जिलेभर में मनाएगी। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तब स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था सूरज निकलेगा अंधेरा छटेगा और कमल खिलेगा। श्रद्धेय अटल जी ने जो सपना देखा था उसे आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गृहमंत्री अमित शाह जी और राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने साकार किया है। भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे ब?ा राजनीतिक दल है और केंद्र से लेकर अधिकांश राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें गरीबों के कल्याण का अभियान चलाकर काम कर रही हैं। भाजपा प्रदेश के 65 हजार बूथों के साथ जिले के 821 बूथों पर भाजपा के प्राथमिक सदस्य स्थापना दिवस मनाएंगे और घरों में पार्टी का ध्वज फहराएंगे।6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8 एवं 9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे। सम्मेलनों में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलताए संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत की और यात्रा विषयों पर संबोधन होगा। 7 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ''गांव–बस्ती चलो अभियान卐 के अंतर्गत पूरे दिन गांव, मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल एवं गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत कर आंगनवा?ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर गलियों में यात्रा निकालेंगे। संध्या के समय स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन कर विभिन्न समुदाय के नेताओं एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निवास पहुंचकर भेंट करेंगे। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं, मीसा बंदियों तथा कारसेवकों का सम्मान कर बूथ समितियों की बैठक में शामिल होंगे। 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती घर–घर जनसंपर्क अभियान चलाकर मनाएगी।भाजपा जिलाध्यक्ष ने आगे कहा की भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। इस पत्रकार वार्ता के माध्यम से मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से हमारी पार्टी की आगामी कार्ययोजना जन–जन तक आसानी से पहुंचेगी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# लूट डकैती की योजना बनाते 5 बदमाश टाण्डा पुलिस के हत्थे चढ़े

**टांडा धार.** पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी कुक्षी सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में फरार ईनामी बदमाशों की धर पक्कड हेतु चलाये जा रहे अभियान (कोंबिंग गस्त ) के तहत स्थाई/फरारी वारंटीयो की तलाश के दौरान आज दिनांक 05.04.2025 को निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना प्रभारी को मुखबीर द्वारा सुचना मिली कि ग्राम बराड में परेठा फाटे के पास में चार से पांच बदमाश रोड किनारे झाडियों में छिपकर बैठे है व आपस में बात चीत कर कह रहे थे कि टाण्डा बोरी रोड़ से आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनों पर पत्थर मार कर उन्हे रोक कर उनका सामान रुपयो पैसौ की लुट पाट करना है। बात चीत कर डैकेती की योजना बना रहे है। मुखबीर सूचना पर से पुलिस की दो टीम में विभाजित कर मूखबीर द्वारा बताये स्थान पहुँचकर देखे तो रोड़ के दांहिने तरफ झाडियों में चार से पांच व्यक्ति (बदमाश) हथियारों से लैश होकर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे कि इस रोड पर आने जाने वाले छोटे बडे वाहनों गाडियो पर पत्थर मार कर उन्हे रोककर उनका सामान रुपयो पैसौ की लुट पाट करना है। बात चीत के अनुसार डकैती की यौजना बना रहे थे, जो हम सभी दोनों टीमों के सदस्यों द्वारा सुनी गई। बाद पुलिस की दोनों टीमों द्वारा उपरोक्त बदमाशों की घेराबन्दी की तो बदमाश हथियार लेकर खेतो में उबड़–खाबड़ रास्तो से भागने लगे, जिनको दोनों टीमों के फोर्स ने घेराबंदी कर बमुश्किल पकडा। बाद पकड़ में आये पांचों बदमाशों से नाम पता पुछा तो उन्होने अपना नाम रगन पिता ठाकुर कटारा जाति भील उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम डेलघाटा (स्कुल फलिया), आरिफ पिता बसु भूरिया जाति भील उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम काकड़वा (पिपला फलिया), जितेन्द्र पिता अमरसिंह भूरिया जाति भील उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गेट्टा (स्कुल फलिया), राजेन्द्र पिता रेवानसिंह अनारे जाति भील उम्र 19 साल निवासी ग्राम चामझर एवं सुरेश पिता मगरसिंह मिनावा जाति भील उम्र 22 साल निवासी गुडा थाना टाण्डा के होना बताये जिनसे पृथक–02 तेज धारदार फालिये, गोफन व लट्ठ जप्त कर अपराध क्रमाँक 74/2025 धारा 310(4), 310(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 25(1बी) आर्मस एक्ट का पंजीबध्द कर अनुसंधान में लिया गया।

> 1. आरोपी आरिफ दिगर राज्य चेन्नई से डकैती के अपराध में मोस्ट वांटेंड है। जिसकी कांफी समय से तलाश थी।
> 2. आरोपी सुरेश के धार,झाबुआ के कई थानों में दर्जनों प्रकरण में तथा दिगर राज्यों लूट डकैती के प्रकरण में फरार चल रहा था व आरोपी सुरेश ने कल दिनाँक 04.04.2025 को भी राजगढ़ थाना क्षेत्र के चौबारा में लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है तथा थाना टाण्डा में भी गिरफ्तारी वारण्ट होने से पृथक से फार्मल गिरफ्तार किया गया।
> 3. आरोपी रगन धार जिले के थाना कानवन व अमझेरा में पूर्व में लूट डकैती की घटना को अंजाम दे चुका है।
> 4. आरोपी जितेन्द्र बाग थाने के प्रकरण में भी काफी समय से फरार था उपरोक्त आरोपीयों की गिरफ्तारी के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधीत थानों को पृथक–02 सूचना दी गई है। उक्त बदमाशों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना टाण्डा व स्ढ्ढ रमेशचन्द नायक, स्ढ्ढ योगेन्द्र मावी, स्ढ्ढ शराफत कुरैशी, प्रआर. 821 रामसिंह सस्तिया, प्रआर. 812 अर्जुन प्र.आर.799 गंगाराम, प्र.आर.563 मनोज, आरक्षक 964 आकाश, आरक्षक 1068 सुनिल पंवार, आरक्षक 1166 निलेश, आरक्षक 593 विनोद, आरक्षक 817 धर्मेन्द्र, आरक्षक 1097 सिध्दार्थ एवं आरक्षक 723 सुनिल खराड़े एवं सैनिक 262 बहादुरसिंह तथा सायबर/क्राईम ब्रांच प्रभारी प्रशांत गुजाल, आरक्षक प्रशांत चौहान, प्रआर. बलराम व आरक्षक भानु की सराहनीय भुमिका रही है ।



# आदर्श ग्राम सिरसौदा भारत का पहला संपूर्ण रामायणपाठी ग्राम बना

**धार।** राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के ग्रामिण विकास अवधारणा को अंगीकार करते हुये तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के आदर्श ग्राम योजना में धार की अग्रणी संस्था राजवाडा चौक सेवा समिति के माध्यम से ग्राम सिरसौदा को आदर्श ग्राम के रूप में उन्नत स्वरूप प्रदान करते हुये तथा समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दुर करने और नवीन पीढी में संस्कार रोपण के लिये संस्था द्वारा दिनांक 06/04/2025 रामनवमी से लेकर दिनांक 06/05/2025 सीतानवमी तक एक माह का रामोत्सव आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 11,000 परिवारो को श्री रामायण के माध्यम से श्री रामायण परिवार के रूप में जोडा जा रहा है। जिसके प्रथम चरण में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चिन्हित आदर्श ग्राम सिरसौदा में संपुर्ण ग्राम के प्रत्येक परिवार में श्रीरामचरितमानस स्थापित करते हुये प्रत्येक घर में नियमित रामायण पाठ किया जा रहा है। जो संभवतः भारत का पहला ऐसा गांव है जिसके प्रत्येक घर में रामायण का पाठ हो रहा है। साथ ही आसपास के गांवो में भी श्रीरामायण परिवार के रूप में 1,000 परिवार इस रामोत्सव से जुड चुके है। विस्तृत जानकारी देते हुये श्रीरामायण परिवार के नवनीत जैन ने बताया कि एक माह तक चलने वाले रामोत्सव में 51 ग्रामिण क्षेत्रो में युवाओ के सुन्दरकांड मंडल बनाये जा रहे है और महिलाओं के भी श्रीराम संकीर्तन मंडल के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, नारी शिक्षा और ग्रामिण ओटला संस्कृति तथा चौपाल परम्परा बनाये रखने हेतु कार्य किया जा रहा है।

**51 चांदी के सिक्के भी विभिन्न ग्रामों में पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे**

विशेष उल्लेखनीय है कि इस रामोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिये भगवान राम के स्वरूप अंकित 51 चांदी के सिक्के भी विभिन्न ग्रामो में उत्साहवर्धन के लिये पुरस्कार स्वरूप दिये जावेंगें। शहरी क्षेत्र में बुद्धिजीवी संगठनो जैसे डॉक्टर, वकील, इंजिनियर, पत्रकार, प्रतिष्ठित व्यवसायीगण विभिन्न समाज संगठनो में भी श्री रामायण परिवार संपर्क करके उन्हे रामायण परिवार से जोडा जावेगा। उक्त संपुर्ण आयोजन में किसी भी व्यक्ति से कोई भी राशि या चंदा न लेते हुये संपुर्ण अभियान पुर्णतः निशुल्क आयोजित होगा। जिसमें सभी जाति, वर्ग, समाज के नागरिको की सहभागिता रखी जावेगी। अंतिम चरण में शबरी प्रसंग आयोजित किया जावेगा। जिसमें समाज के शोषित एवं उपेक्षित वर्ग को श्रीरामायण परिवार में सम्मानित किया जावेगा। श्री रामायण परिवार के ग्रामिण क्षेत्र में प्रभारी रंजीत सिसौदिया एवं पारस अग्रवाल रहेंगें।

# घुटने का बदलाव अंतिम विकल्प, राहत के कई उपाय : डॉ. शर्मा



धार /– हमारे आहार विहार की कई गलतियों से घुटने व कमर में दर्द आम समस्या हैं। पहले अधिक आयु में घुटने का बदलाव एकमात्र विकल्प था अब आधुनिक तकनीक से कई सरल सहज उपचार उपलब्ध है। इंजेक्शन तकनीक से घुटने के दर्द से राहत पाई जा सकती है। ये उदगार नी एक्सपर्ट सहज के डायरेक्टर डॉ राज शर्मा ने व्यक्त किए। डॉ शर्मा भोज शोध संस्थान के 85 वे सुपर 60 प्लस जांच शिविर में अपनी नी एक्सपर्ट टीम डॉ रौनक डागलिया, डॉ पंकज महतो के साथ विशेषरूप से उपस्थित थे। जांच कार्य में सहयोग कैम्पेन मैनेजर अमित शर्मा व सौरभ ठाकुर का रहा। आयातित विशेष एक्सरे मशीन से हाथोंहाथ एक्सरे निकाल कर उपचार व निदान किया गया। अथितियों का स्वागत श्री अशोक कुलकर्णी, नरवर सिंह ठाकुर व भरत पवार सर ने किया। स्वागत सम्मान समारोह का संचालन प्रकल्प प्रभारी दुर्गेश नागर ने किया। आभार व धन्यवाद भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने दिया। वृद्धजन की हुई जांच– नीएक्सपर्ट टीम ने जिला केंद्र स्थित श्रद्धालय वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजन की भी जांच की। आवश्यक दवाइयां लिखी। आश्रम प्रबंधन द्वारा उक्त दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है।टीम ने आश्रम परिसर का अवलोकन किया। वृद्धजन पूरनचंद सक्सेना, बृजलाल वर्मा, महेश पाटीदार द्वारा मोतीमाला से स्वागत किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रॉकी मक्क? ने दी। शिविर के फोटो संलग्न है।

**एक नजर** हजारों की संख्या में भक्त करेंगे चतुर्भुज नाथ के दर्शन, रामनवमी पर होता है राघव जी का आकर्षक श्रृंगार

# चतुर्भुज श्रीराम की नगरी मांडू में राम जन्मोत्सव पर उमड़ेगा भक्तों का जन सैलाब

**मांडू. चतुर्भुज श्री राम की नगरी मांडू में राम जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर भक्तों का सैलाब उमड़ेगा प्रतिवर्षअनुसार इस वर्ष भी मंदिर पगण में कौशल चंद्र भगवान राम के जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी है मंदिर प्रांगण हार फूल माला और लताओं के साथ आकर्षक लाइटिंग से जगमगा रहा है रात्रि में मंदिर की शोभा देखते ही बनती हे प्रतिदिन मंत्रोच्चार से भगवान की आरती और मां भगवती शतचंडी महायज्ञ चल रहा है नगर के भक्त जोड़े से यज्ञ में बैठकर यज्ञ आहुति का लाभ ले रहे हैं**

सत चंडी महायज्ञ की होगी पूर्णाहुति– गुड़ी पड़वा से शुरू हुए राम महोत्सव के साथ चल रहे नवदिवसीय शतचंडी महायज्ञ की नवमी को 11ः00 बजे वैदिक मंत्रोचार के साथ पूर्णाहुति दी जएगी भजन मंडलों ने दी सुंदर प्रस्तुति– भय प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी卐 जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुतियां भजन मंडलों द्वारा दी गई मंदिर प्रांगण में भजनों पर भक्तगण झूमते नजर आए हर कोई राम धुन में लीन हो गया भक्तिमय माहौल देखने को मिला.



> गोल्डन थीम के साथ आकर्षक सजा– भगवान के जन्मोत्सव के लिए विशेष तैयारी की फूल पत्तियां लताओं के गोल्डन थीम पर मंदिर प्रांगण को सजाया गया गोल्डन स्वरूप हर किसी को अपनी और आकर्षित कर रहा था जो आकर्षण का केंद्र रहा भगवान राम लक्ष्मण सीता और हनुमान जी को स्वर्णण आभूषणों का मुकुट पहनाया हुआ हे. प्रजा का हाल जानने को निकलेंगे चतुर्भुज सरकार जन्मोत्सव के पश्चात शाम 5ः00 बजे पालकी में विराजमान होकर चतुर्भुज सरकार राम दरबार के साथ अपने नगर की जनता का हाल जानने के लिए निकलेंगे चल समारोह मैं बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होंगे। साथ ही स्थानीय अखाड़ा दल द्वारा अखाड़े में हैरतअंगेज करनामें दिखाएं जाएंगे 12ः00 बजे होगी महा आरती और भंडारा – राम जन्मोत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है दोपहर 12ः00 बजे राम जी की महा आरती कर राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा इसके बाद भोजन महाप्रसादी का आयोजन रहेगा ।